रख श्याम शरण तेरी सुन ले फरियाद मेरी भजन लिरिक्स

रख श्याम शरण तेरी,
सुन ले फरियाद मेरी,
किसके द्वार जाऊं बता,
सबने अँखिया फेरी,
रख श्याम शरण तेरीं।bd।

तर्ज – रोती हुई आँखों को।

कोई साथ नही देता,
दु:खिया का दुनियाँ में,
निरबल मजबूर समझ,
ठुकराया है सबने,
इक आस तेरी बाबा,
तकलीफ मिटा मेरी,
किसके द्वार जाऊं बता,
सबने अँखिया फेरी,
रख श्याम शरण तेरीं।bd।

मैं हारता आया हूँ,
अब तक इस जीवन में,
तू जीत दिलाता है,
विश्वास हो जिस मन में,
दु:ख कब तक सहुँ बाबा,
कर एक नजर तेरी,
किसके द्वार जाऊं बता,
सबने अँखिया फेरी,
रख श्याम शरण तेरीं।bd।

अब आ जाओ गोपाल,
बन पालनहार मेरे,
जितने भी मिलेंगे जनम,
गुजरेंगे दर पे तेरे,
'राजू' रहे जब तक श्याम,
नही भुले कृपा तेरी,
किसके द्वार जाऊं बता,
सबने अँखिया फेरी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

रख श्याम शरण तेरी,
सुन ले फरियाद मेरी,
किसके द्वार जाऊं बता,
सबने अँखिया फेरी,
रख श्याम शरण तेरीं।bd।

– गायक / लेखक / प्रेषक –
राजेन्द्र अग्रवाल।
देई बून्दी, 9784483568

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com